शारदा नदी

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के सीतापुर ज़िले के देवराघाट के निकट **शारदा नदी** की तेज़ धाराओं में बह जाने से कई लोगों की मृत्यु हो गई।

मुख्य बिंदु

- **शारदा नदी के बारे में:**
  - **उत्पत्ति और प्रवाहमार्ग:**
    - शारदा नदी, जिसे ऊपरी भाग में **काली नदी** के नाम से भी जाना जाता है, उत्तराखंड से निकलती है।
    - इसका **उद्गम महान हिमालय** में **नंदा देवी पर्वत** की पूर्वी ढलानों पर स्थित है।
    - सामान्यतः दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम दिशा में बहती हुई यह **नदी उत्तराखंड (भारत) और पश्चिमी नेपाल के बीच सीमा बनाती है।**
    - पहाड़ों से उतरने के बाद यह नदी **नेपाल** के **बरमदेव मंडी** में **सिंधु-गंगा के मैदान** में प्रवेश करती है।
      - शारदा बैराज के ऊपर नदी का विस्तार बढ़ने के कारण इसे **शारदा नदी** कहा जाता है।
    - भारत में प्रवेश करने के बाद, शारदा नदी उत्तरी उत्तर प्रदेश से होकर दक्षिण-पूर्व की ओर बहती है।
    - यह अंततः **बहराइच के दक्षिण-पश्चिम में घाघरा नदी** से मिलती है। इसकी कुल लंबाई लगभग 480 किमी. (300 मील) है।
  - **प्रमुख सहायक नदियाँ:**
    - **शारदा नदी** की प्रमुख सहायक नदियाँ **धौलीगंगा**, **गोरीगंगा** तथा **सरयू नदी** हैं।
  - **शारदा बैराज और नहर प्रणाली:**
    - **उत्तराखंड में बनबसा के पास स्थित** शारदा बैराज सिंचाई में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
    - यह वर्ष **1930 में पूरी हुई शारदा नहर का उद्गम स्थल है,** जो उत्तर भारत की सबसे लंबी सिंचाई नहरों में से एक है।



घाघरा नदी

The Ganges-Brahmaputra Basin



- **उद्गम एवं ऊपरी मार्ग**:
  - **घाघरा नदी**, [गंगा नदी] की एक प्रमुख **बायीं तटवर्ती सहायक नदी** है। इसका **उद्गम चीन** के **दक्षिणी तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र** के [उच्च हिमालय] में **करनाली नदी** के रूप में होता है।
  - **नेपाल** से **दक्षिण-पूर्व** की ओर बहते हुए यह नदी [शिवालिक पर्वतमाला] को काटते हुए पहाड़ों से नीचे उतरती है और ती है।

- **नदी का निर्माण**:
  - **शिवालिक श्रेणी** को पार करने के बाद नदी **दो शाखाओं** में विभाजित हो जाती है।
  - ये शाखाएँ **भारत-नेपाल सीमा** के **दक्षिण** में पुनः मिलती हैं तथा **घाघरा नदी** के नाम से जानी जाती हैं।
- **प्रमुख सहायक नदियाँ**:
  - **उत्तर** से घाघरा में मिलने वाली प्रमुख सहायक नदियों में **कुवां नदी**, **राप्ती नदी**, **छोटी गंडक नदी** शामिल हैं।
  - ये सहायक नदियाँ नदी के **जल-स्तर** में **महत्त्वपूर्ण योगदान** देती हैं तथा **उत्तरी उत्तर प्रदेश** के विस्तृत **जलोढ़ मैदानों** को आकार देने में सहायता करती हैं।
  - अपने **निचले क्षेत्रों** में **घाघरा नदी** को **सरयू नदी**, **देवहा** आदि नामों से भी जाना जाता है।
  - **दूसरी शताब्दी** के **यूनानी भूगोलवेत्ता टॉलेमी** ने इसे **सरबोस** नाम से संदर्भित किया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sharda-river